आनंदालय

सामयिक परीक्षा - 1

कक्षा : छठी

विद्या सवर्थि साधिका

विषय : हिंदी | अधिकतम अंक : 30

दिनांक: 14-07-2022 | समय : 1घंटा 30मिनट

सामान्य निर्देश:

1. यह प्रश्न पत्र चार खंडों में विभाजित है: 'क', 'ख', 'ग', 'घ'
2. चारों खंडों के प्रश्नोत्तर लिखने अनिवार्य हैं।
3. प्रश्नोत्तर क्रमशः लिखा जाना चाहिए |
4. लिखावट सुंदर और स्पष्ट होनी चाहिए |

खंड - 'क' (5 अंक)

1. निम्नलिखित गद्यांश के नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=5)

विचार-विनिमय के लिए मनुष्य को ही वाणी का वरदान प्राप्त है | पशु-पक्षी अपने भाव और विचार शारीरिक मुद्राओं और संकेतों द्वारा प्रकट करते हैं | वाणी के अनेक रूप हैं, जो भाषा या बोली कहलाते हैं | उनके साथ स्थानीय बोलियाँ भी हैं, जो भाषा का ही प्रादेशिक रूप हैं | सबसे अधिक सुगम, सरल और स्वाभाविक भाषा मातृभाषा कहलाती है | यह बालक को जन्मजात संस्कार से मिलती है | अन्य भाषाएँ अर्जित भाषाएँ होती हैं, जो अभ्यास द्वारा सीखी जाती हैं | अपने घर-परिवार, वर्ग, जाति और देश के मध्य विचार-विनिमय के लिए सबसे सरल भाषा मातृभाषा ही है | अपनी मातृभाषा द्वारा जितनी सहजता से भाव व्यक्त किया जा सकता है, वैसा सहज-सामर्थ्य किसी अन्य अर्जित भाषा में नहीं होता | राष्ट्र की एकता और पारस्परिक विचार-विनिमय की सुविधा के लिए राष्ट्रभाषा की आवश्यकता को लेकर किसी को भी संदेह नहीं हो सकता | सभी राष्ट्र अपनी राष्ट्रभाषा को सम्मान देते और व्यवहार में लाते हैं | स्वतंत्र भारत में भी हमें अपने राष्ट्र की भाषाओं को अपनाना चाहिए | राष्ट्रीय गौरव और स्वाभिमान के लिए यह आवश्यक है|

(i) मनुष्य को कौन-सा वरदान प्राप्त है? पशु-पक्षी अपने भाव और विचार कैसे प्रकट करते हैं ?

(ii) मातृभाषा किसे कहते हैं? यह बालक को कहाँ से मिलती है ?

(iii) किसी राष्ट्र के लिए अपनी राष्ट्रभाषा क्यों आवश्यक है ?

(iv) मातृभाषा की क्या विशेषताएँ हैं ?

(v) 'अनेक' एवं 'स्वतंत्र' के विलोमार्थी शब्द लिखिए |

खंड - 'ख' (10 अंक)

2. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (1x4=4)

(i) 'अनुस्वार' युक्त शब्द है -

(i) आँख (ii) विजन (iii) कंठ (iv) अक्षरों

(ii) 'अनुनासिक' युक्त शब्द है -

(i) अनुशासित (ii) ज़िम्मेदार (iii) टँकी (iv) महीन

(iii) 'नुक्ता लगा है' -

(i) जाऊँगी (ii) नज़र (iii) कॉलर (iv) रंग

(iv) नीचे दिए गए शब्दों में सही नुक्ता युक्त शब्द नहीं है -

(i) मंज़िल (ii) मज़दूर (iii) सफ़र (iv) सूर्यास्त

3. (i) 'इंद्र' का पर्यायवाची शब्द है - (1x2=2)

(i) नीरज (ii) लोक (iii) यामिनी (iv) सुरेंद्र

(ii) 'गुण' शब्द का विलोम है -

(ii) सगुण (ii) अवगुण (iii) दृढ़ (iv) दुर्गुण

4. (i) 'अपकर्ष' शब्द का सही विलोम है - (1x2=2)

(i) अनुचित (ii) निकृष्ट (iii) उत्कर्ष (iv) अनिच्छा

(ii) 'कृपा' शब्द का सही युग्म पर्यायवाची शब्द है -

(i) दया-निशान (ii) करुणा-काज (iii)अनुग्रह-ज्योति (iv) अनुकंपा-मेहरबानी

5. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार दीजिए - (1x2=2)

(i) भाववाचक संज्ञा शब्द है -

(i) बुरा (ii) ईमानदारी (iii) मधुर (iv) मनुष्य

(ii) 'सभा में कोई नहीं बोला |' -वाक्य में सर्वनाम शब्द है-

(i) सभा (ii) बोला (iii) कोई (iv) नहीं

खंड -'ग' (10 अंक)

6. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग 25 से 30 शब्दों में दीजिए - (2x3=6)

(क) चचरे भाई के जाने के बाद कृष्णा सोबती जी ने क्या-क्या क्रियाएँ की ? लिखिए |

(ख) छोटी नीले पंखों वाली चिड़िया क्या-क्या करती है ?

(ग) प्रागैतिहासिक काल में किस-किस प्रकार के भाव-संकेत सामने आए ?

7. निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लगभग 60 से 70 शब्दों में दीजिए - (1x3=3)

(क) समय के साथ-साथ बचपन की दिलचस्पियाँ बदल जाती हैं | 'बचपन' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए |

अथवा

(ख) ऐसा क्यों कहा गया है कि अक्षरों की खोज के साथ नए युग की शुरुआत हुई ? स्पष्ट कीजिए |

खंड - 'घ' (6 अंक)

8. नीचे दिए गए विषयों में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए |

(6x1=6)

(क) व्यायाम

- जीवन में स्वस्थ रहना अनिवार्य
- व्यायाम के प्रकार
- लाभ
- व्यायाम की आवश्यकता
- उपसंहार

(ख) यदि मैं मंगलग्रह की यात्रा करता/करती

- मंगल पर जाने का उत्साह
- तैयारियाँ
- विभिन्न नमूने एकत्रित करना
- अनोखा एहसास
- यादगार यात्रा

(ग) बढ़ती आबादी की समस्या

- भारत की समस्याएँ
- बढ़ती आबादी
- पनपती समस्याएँ
- सुविधाओं की कमी
- सरकार की चिंता
- लोगों का दायित्व